20/2/24 पत्रावली पेश हुई। अभिभाषक संघ ने आज अदालती कार्य का स्थगन कर रखा है। पत्रावली पूर्व आदेशानुसार दिनांक 9/5/24 को पेश हो।

9/5/24 पत्रावली पेश हुई। वकुलाप उपस्थित P.O साहब दीगर कार्य में व्यस्त है पत्रावली पूर्व आदेशानुसार दिनांक 30/5/24 को पेश हो।

5/2024 पत्रावली पेश हुयी। वकील वादी उपस्थित। तहसीलदार नीमकाथाना से रिपोर्ट प्राप्त हुयी। शामिल पत्रावली की गयी। वकील वादी को सुना गया। पत्रावली तथा रिपोर्ट तहसीलदार, नीमकाथाना का अवलोकन किया गया। मुताबिक रिपोर्ट पटवारी हल्का के खातेदार हरसा पुत्र बींजा का सही नाम हरसा पुत्र भूदा है। नामान्तरकरण संख्या 26 में हरसा पुत्र भूदा सही अंकित है। रिकार्ड दुरूस्त होने योग्य बताया गया है।

न्यायहित में मुताबिक रिपोर्ट पटवारी हल्का बासड़ी खुर्द, प्रस्तुत नामान्तरकरण एवं शपथ पत्र के दावा वादी बाबत् रिकार्ड दुरूस्ती स्वीकार किया जाता है।

तहसीलदार, नीमकाथाना आदेश दिया जाता है कि ग्राम बासड़ी खुर्द पटवार हल्का बासड़ी खुर्द तहसील नीमकाथाना के **भूमि खसरा नम्बर 66, 67, 43, 44, 65 कुल किता 05 कुल रकबा 5.36 हैक्ट0 की खातेदारी में दर्ज खातेदार हरसा पुत्र बींजा के स्थान पर हरसा पुत्र भूदा** दुरूस्त किया जाकर राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद किया जावे। शेष इन्द्राजात बदस्तुर रहे। आदेश की पालना में तहसीलदार, नीमकाथाना को तहरीर जारी है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम होकर दफ्तर दाखिल हो।

निर्णय खुले न्यायालय सुनाया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Rajveer Singh Yadav
Date: 2024.12.02 14:56:46 IST
Reason: SelfAttested

(राजवीर सिंह यादव)
उपखण्ड अधिकारी
नीमकाथाना (राज.)

Scanned with OKEN Scanner